हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 मां चामुंडा और तुलजा भवानी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे श्रद्धालु, प्रशासन ने...



09 यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के विरोध में प्रदर्शन, 15 को काला...



नलखेड़ा में स्थित है पांडव कालीन बगलामुखी का मंदिर, आज से लगेगा भक्तों का मेला

शारदीय नवरात्रि पर विशेष : बगलामुखी की साधना-आराधना से शत्रुओं का होता है स्तम्भन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी का मंदिर शक्ति एवं शक्तिमान के सम्मिलित प्रभाव से यहां पर की जाने वाली साधना-आराधना अनन्त गुना फलप्रदा होती है। जब कभी शत्रु का भय हो तो बगलामुखी की साधना-आराधना आराधक को फलदायी रहती है वहीं मां की आराधना से शत्रु का स्तम्भन भी होता है। नगर में स्थित माँ बगलामुखी मंदिर में विश्व की एकमात्र प्रतिमा है जो स्वयंभू है। यहां पांडवों ने भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर मां की आराधना कर विजयश्री का वरदान प्राप्त किया था। मां बगलामुखी का वर्णन कालीपुराण में मिलता है। वर्ष की दोनों नवरात्रि के दौरान इस मंदिर पर भक्तों का मेला लगा रहता है, वहीं शारदीय नवरात्रि के दौरान तंत्र साधना के लिए तांत्रिकों का जमावड़ा भी यहां लगा रहता है। नवरात्रि पर्व के साथ अन्य दिनों में इस मंदिर पर नेता, मंत्री, अभिनेता व बड़े अफसरो की भी मां के दर पर हाजिरी लगती है।

त्रिशक्ति के रूप में मंदिर में विराजित हैं मां

नलखेड़ा में पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामखी का मंदिर है। जहां त्रिशक्ति मां विराजित है। बीच में मां बगलामुखी, दाएं मां लक्ष्मी तथा बाएं मां सरस्वती। नवरात्रि पर्व के दौरान यहां देश के कई स्थानों के साथ ही विदेशों से भी माता भक्त लाखों की संख्या में पहुंचते हैं, जो अपनी



मनोकामना की पूर्ति हेतु विशेष हवन-अनुष्ठान यहां पर करते हैं।

दस महाविद्याओं में बगलामुखी का है विशेष महत्व

प्राचीन तंत्र ग्रंथों में दस महाविद्याओं का उल्लेख मिलता है। उनमें से अष्टम महाविद्या है मां बगलामुखी। मां भगवती बगलामुखी का महत्व समस्त देवियों में सबसे विशिष्ट है। शास्त्रों के अनुसार इस देवी की साधना-आराधना से शत्रुओं का स्तम्भन हो जाता है, यह साधक को भोग और मोक्ष दोनों ही प्रदान करती है। ग्वालियर रियासत के एक सूबेदार ने संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने पर गर्भ गृह के बाहर सोलह खम्भों वाला



आराधना स्थल (सभा मंडप) विक्रम संवत 1815, सन- 1759 में पंडित ईबु जी मार्गदर्शन में दक्षिणी कारीगर तुकाराम द्वारा निर्मित किया गया था। यह मंदिर सैकड़ों वर्षो से ही नहीं अपितु सैकड़ों पीढ़ियों से भक्तों के विश्वास का महत्वपूर्ण आधार बनकर नलखेड़ा जिला-आगर में लखुन्दर के पावन तट पर स्थित है।

कई देवी-देवताओं का भी है वास

मंदिर आहते में स्थित काल भैरव की चमत्कारी प्रतिमा स्थापित है जो उज्जैन स्थित काल भैरव के समान मद्यपान का सेवन करती है। मंदिर के आहते में ही वीर हनुमान, राधा कृष्ण व महांकाल मंदिर भी स्थित है।

मां बगलामुखी मंदिर सहित कई स्थानों पर होगी घट स्थापना

शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर मां बगलामुखी मंदिर सहित अंचल के कई देवी मंदिरो में आज रविवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस घट स्थापना की जाएगी। इसी के साथ इन मंदिरों में शक्ति उपासना के लिए भक्तों का मेला लगना प्रारम्भ हो जाएगा। मां बगलामुखी मंदिर सहित नगर के कई अन्य माता मंदिरो के साथ बड़ागांव स्थित चामुंडा माता मंदिर, सुईगांव स्थित चैंसठ योगनी माता मंदिर पर भी पर्व को लेकर विशेष तैयारिया की जा रही है। नगर के विभिन्न मोहल्लों मे भी नवरात्रि पर्व पर मां की प्रतिमाएं स्थापित कर वहां पर प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ गरबो की प्रस्तुतियां दी जावेगी।

घट स्थापना के साथ ज्वारे बोए जायेंगे

मां बगलामुखी के मुख्य पुजारी गोपालदास, मनोहरदास पण्डा ने बताया कि नवरात्रि के पर्व पर माता मंदिर मे घट स्थापना के साथ ही पांच प्रकार के धान को मिट्टी के साथ मिलाकर ज्वारे बोए जाते हैं, फिर इसे प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा पानी सुबह-शाम डाला जाता है। चार-पांच दिन बाद ज्वारे अच्छे से निकलना प्रारंभ हो जाते है। उन्होने बताया कि नवरात्रि के अंतिम दिन 19 अक्टूबर की रात्रि को माता की महाआरती के बाद ज्वारे की बाड़ी उठाई जावेगी तथा ढोल-ढमाकों के साथ मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर विसर्जन का कार्यक्रम होता है।

कई स्थानों से आएंगी चूनर यात्राएं

मां बगलामुखी मंदिर पर नवरात्रि पर्व के दिनों में नगर विभिन्न मोहल्लों से चुनर यात्रा निकाली जाएगी वही तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों के साथ अन्य स्थानों, आगर, बड़ागांव, भैंसोदा, गुदरावन, धरोला, भण्डावद सहित कई स्थानों से चूनर यात्राओं का नलखेड़ा आगमन होगा। सभी स्थानो से माता भक्त पैदल यात्रा कर चूनर लेकर नलखेड़ा पहुंचेंगे। जहां नगर में भी यात्राओं का चल समारोह निकाला जाकर माता के चरणों में चूनर समर्पित की जाएगी।

दस लाख की लागत से बने 59 हवन कुंड

मां बगलामुखी ब्राह्मण सेवा समिति ने किया यज्ञशाला निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान किए जाते हैं। जहाँ हवन कुंडों की कमी के कारण उन्हें घंटो इंतजार करना पड़ता है। इसी के चलते ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा मंदिर परिसर में 59 हवन कुंड की एक यज्ञशाला का निर्माण किया गया है जिससे भक्तों को अधिक इंतजार नही करना पड़े। ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि ब्राह्मण सेवा समिति ने पूर्व में भी परिसर में यज्ञशाला का निर्माण किया गया था जिनके हवन कुंड वर्षाकाल में जीर्ण शीर्ण होकर खंडित हो गए थे। अब पुनः शारदीय नवरात्रि महापर्व के पूर्व समिति द्वारा मंदिर परिसर में ही लगभग 9 से 10 लाख रुपये की लागत से 59 हवन कुंड की एक यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। यज्ञशाला पर टीनशेड भी लगाया गया है जिससे यजमान धूप व वर्षा से बच सके।

उक्त 59 हवन कुंड को मिलाकर अब मंदिर परिसर में कुल 200 हवन कुंड हो गए है जिनकी बुकिंग मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति की ऑफिशियली वेबसाइट से ऑनलाइन की जा सकती है। हवनकुंड की संख्या बढ़ने से अब परिसर में एक साथ 200 जजमान हवन अनुष्ठान कर सकते है। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान यज्ञशाला में मंगलाआरती से रात्रि 10 बजे तक हवन अनुष्ठान के कार्य सम्पन्न होंगे।

सामूहिक नवकार मंत्र के जाप का आयोजन आज

मंदसौर। मंदसौर में गत पच्चीस वर्षों में पहली बार सकल जैन समाज का सामूहिक नवकार मंत्र का आयोजन आगामी 11 अक्टुबर रविवार को प्रातः 9 बजे श्री आर्यरक्षित धाम के सभागृह में हो रहा है। जिसमें नवकार मंत्र का लाखों की संख्या में जाप किया जायेगा। जाप का आयोजन सकल जैन समाज के आव्हान पर श्री आर्यरक्षित तीर्थधाम ट्रस्ट तथा आर्य जागरण चातुर्मास समिति द्वारा आचार्य अशोकसागरसूरीश्वरजी मसा तथा आचार्य सागरचन्द्रसागरसूरीश्वरजी मसा. आदि ठाणा के सान्निध्य में किया जा रहा है। इस श्री नवकार मंत्र जाप में नगर का पूरा जैन समाज एक ही स्थान पर एकत्र होकर एक स्वर से श्री नवकार मंत्र का उच्चारण करेगा। जाप कार्यक्रम के पश्चात आर्यरक्षितधाम पर ही संकल जैन समाज का स्वधर्मी वात्सल्य (भोजन) होगा। जिसमें सभी से भाग लेने का निवेदन किया गया है। सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला, प्रवक्ता श्री विजेन्द्र फाफरिया ने बताया कि मंत्रों में सर्वप्रभावी, सर्वोत्कृष्ट श्री नवकार मंत्र के सामूहिक जाप का इस प्रकार का यह ऐतिहासिक अवसर है। प्रत्येक जैन सपरिवार जाप तथा साधर्मीवात्सल्य में भाग लें एवं आध्यात्मिक वातावरण को गति दे।

सुईगांव की लक्ष्मी दिल्ली में करेगी नलखेड़ा का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विद्यार्थियों में नवाचार व वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में नलखेड़ा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुईगांव की छात्रा लक्ष्मी पिता रामचन्द्र अपने मार्गदर्शक शिक्षक संदीप परिहार के मार्गदर्शन में प्रोटोटाइप नवाचारित अनाज साफ करने की मशीन का 12वीं इंस्पायर्ड अवार्ड प्रदर्शनी जोकि 12 से 14 अक्टूबर को भारत मंडपम नईदिल्ली में आयोजित हो रही है में मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदर्शित करेगी।

मॉडल का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय स्कूल की छात्रा का नवाचारित मॉडल का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना ही एक



बहुत बड़ी उपलब्धि है। अब छात्रा लक्ष्मी नईदिल्ली में अपने ग्राम सुईगांव व नलखेड़ा का परचम लहराकर नाम रोशन करेगी। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रा लक्ष्मी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी, बीआरसीसी चंदनबाला फाफरिया, स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार लौहार सहित अन्य शिक्षकगणों द्वारा शुभकामनाएं प्रदान की है।

किराना व्यापार संघ भानपुरा की बैठक संपन्न, दिनेश वधवा अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर



किराना व्यापार संघ भानपुरा की बैठक शुक्रवार शाम बड़ा महादेव मार्ग स्थित श्री फूटा गणेश मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, व्यापारियों की समस्याओं तथा व्यापार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापारियों से विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से दिनेश वधवा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं अशोक सामरिया एवं दिनेश सेठिया को उपाध्यक्ष, पदम सेठी को सचिव, विजय वधवा, सोनू टोंग्या को सहसचिव तथा महेश रत्नावत को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।सभी नियुक्तियां सर्वसम्मति से की गईं। भानपुरा किराना व्यापार संघ के मुख्य संरक्षण सदस्यों में अजीत नाहर, गोविंद रत्नावत, युसूफ भाई बोहरा, पवन जैन, लालचंद जैन, किशोरी लाल माणिक, पराग टोंग्या, गौतम नाहर, पंकज वैद्य एवं सुनील भानपिया, पंकज टोंग्या, भागचंद भाना, गोविंद सेठिया, कैलाश धनोतिया, सत्यनारायण सेठिया, सहित अन्य वरिष्ठ व्यापारी शामिल हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश वधवा ने कहा कि किराना व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना तथा संगठन में आपसी एकजुटता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाकर प्रत्येक व्यापारी के हित में पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। सभी व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों पुष्पहार से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा व्यापारियों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

स्मार्ट मीटर लगाने के सर्वे का शहर कांग्रेस ने किया विरोध

जनता पर नया बोझ डालने की बजाय बिजली व्यवस्था में सुधार करे सरकार: डॉ. मंसूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/मंदसौर

शामगढ़ शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर शुरू किए गए सर्वे के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रुख अपनाया है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. शौकत मंसूरी ने कहा कि कांग्रेस किसी भी ऐसी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करेगी, जिससे आम बिजली उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका हो। डॉ. शौकत मंसूरी ने कहा कि शामगढ़ की जनता पहले ही महंगी बिजली और बढ़ते घरेलू खर्च से परेशान है। ऐसे समय में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे शुरू करना आम उपभोक्ताओं की चिंताओं को नजरअंदाज करना है। उन्होंने कहा कि सरकार और बिजली विभाग को सबसे पहले जनता को यह स्पष्ट करना चाहिए कि स्मार्ट मीटर लगाने की आवश्यकता क्यों है, इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिलों पर क्या प्रभाव पड़ेगा और उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान किस व्यवस्था के तहत किया जाएगा।



डॉ. मंसूरी ने कहा कि कांग्रेस स्मार्ट मीटर के सर्वे का पुरजोर विरोध करती है और शामगढ़ की जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिना पर्याप्त जनसुनवाई और उपभोक्ताओं की चिंताओं का समाधान किए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। डॉ. शौकत मंसूरी ने बिजली विभाग एवं प्रशासन से मांग की कि शामगढ़ शहर में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को लेकर उपभोक्ताओं के बीच स्पष्ट जानकारी दी जाए, उनकी आपत्तियां सुनी जाएं और जब तक जनता की शंकाओं का समाधान नहीं होता, तब तक आगे की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर नवकार कलश यात्रा जुलूस आज

नलखेड़ा। मालवा की पावन वसुंधरा नीमच में स्थित विकास नगर के पवित्र प्रांगण में घर-घर नवकार..... हर घर नवकार..... कार्यक्रम के अंतर्गत 68 दिवसीय श्री



नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान चल रहा था। जिसकी पूर्णाहुति पर 11 अक्टूबर को महा प्रभावशाली श्री नवकार महापूजन का आयोजन तथा लाभार्थी चौरड़िया परिवार के निवास पर रजतमय नवकार कलश भव्य शोभा यात्रा के साथ ले जाया जाकर विधि विधान तथा मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया जाएगा।

जानकारी देते हुए महावीर जिनालय श्री संघ अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया तथा चातुर्मास समिति संयोजक राजमल छाजेड़ ने बताया कि श्री महावीर जिनालय विकास नगर में इस वर्ष रत्न निधि श्रीजी, पुण्य निधि श्रीजी आदि ठाणा -5 का चातुर्मास हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा है। साध्वी मंडल द्वारा श्री संघ में विभिन्न धर्म आराधना के साथ तपस्याऐ तथा विभिन्न धार्मिक गतिविधियां करवाई जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा व निश्रा में घर-घर नवकार..... हर घर नवकार..... कार्यक्रम के अंतर्गत 68 दिवसीय श्री नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान चल रहा था। जिसके तहत प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के निवास स्थान पर नवकार मंगल कलश को ले जाया जाता था। जहां पर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान संपन्न होता था। महा मंगलकारी इस नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर 11 अक्टूबर को महा प्रभावशाली श्री नवकार महापूजन का आयोजन होगा। रजतमय मंगल कलश के लाभार्थी विमलकुमारजी - लीलाबाई चौरड़िया के सुपुत्र कमलकुमारजी - ज्योतिकाजी, पौत्र डॉक्टर रिद्धि वर्धन - डॉक्टर तुषिता, डॉक्टर सिद्धि वर्धन- सौ.वाणी एवं समस्त चौरड़िया परिवार के द्वारा रजतमय नवकर कलश मंगल विधान होगा।



इस मौके पर 68 दिवसीय नवकार जाप करने वाले लाभार्थी परिवार भी उपस्थित रहेंगे। जिनके द्वारा भी विशिष्ट अनुष्ठान संपन्न होगा। सभी लाभार्थियों का श्री महावीर जिनालय ट्रस्ट मंडल द्वारा बहुमान किया जावेगा। नवकार आराधना के दौरान विशिष्ट जाप करने वालों के लिए तीन बंपर पुरस्कार भी निकाले जावेगे। तत्पश्चात जैन आराधना भवन से भव्याति भव्य श्री नवकार कलश यात्रा जुलूस निकाला जावेगा जो प्रमुख मार्गो से लाभार्थी चौरड़िया परिवार के निवास स्थान पर पहुंचेगा। जहां साध्वी मंडल द्वारा विधि विधान तथा मंत्रोच्चार के साथ नवकर मंगल कलश की स्थापना की जावेगी। कार्यक्रम उपरांत लाभार्थी चौरड़िया परिवार की ओर से स्वधर्मी वात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है।

राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में चातुर्मास में चल रहे धार्मिक प्रवचन

संसार की वस्तुएं नहीं, परमात्मा से मांगें आत्मा की शुद्धि और मुक्ति : साध्वी अमृतरसा श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

संसार में मनुष्य सुख की तलाश में जीवनभर भटकता रहता है, लेकिन वास्तविक सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धता और शांति में निहित है। संसार में दुख नहीं है, बल्कि संसार के प्रति मोह, ममता और आसक्ति ही दुख का कारण बनते हैं। इसलिए परमात्मा से सांसारिक सुख-सुविधाएँ माँगने के बजाय संसार की परिभ्रमणा से मुक्ति की प्रार्थना करनी चाहिए।

उक्त विचार महिदपुर रोड स्थित राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी डॉ. अमृतरसा श्रीजी महाराज साहब ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे। साध्वीजी ने कहा किआध्यात्मिक दृष्टिकोण से मनुष्य का वास्तविक लक्ष्य केवल धन, वैभव और प्रतिष्ठा प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपने आत्मस्वरूप को पहचानना है। परमात्मा का स्वरूप जिस प्रकार शुद्ध, शांत, निर्मल और





वीतराग है, उसी प्रकार स्वयं के भीतर भी ऐसे गुणों को विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। जब मनुष्य के जीवन से राग-द्वेष, अहंकार और मोह कम होने लगते हैं, तब आत्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा से यही प्रार्थना होनी चाहिए कि हे प्रभु! हमारे भीतर ऐसी चेतना जागृत हो कि हम संसार की क्षणभंगुर वस्तुओं में उलझकर अपने वास्तविक लक्ष्य को न भूलें। जीवन में सुख-दुख की परिस्थितियों के बीच समभाव बनाए रखें और आत्मा की शुद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ें। सच्ची भक्ति का सार यही है कि मनुष्य परमात्मा से केवल सांसारिक सुख नहीं, बल्कि आत्मकल्याण, आत्मशुद्धि और जन्म-मरण की परिभ्रमणा से मुक्ति की कामना करें।

जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने बताया कि शुक्रवार की साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस प्रभावना का लाभ राजेंद्र कुमार अपूर्व कुमार चोपड़ा परिवार द्वारा लिया गया प्रभावना का लाभ रमेशचंद राजेंद्र कुमार पारसमल लुणावत परिवार महिदपुर सिटी द्वारा लिया गया। नागदा श्री संघ ने साध्वी के दर्शन वंदन कर धर्म लाभ लिया मंगलकारी प्रवचन श्रृंखला में सभी समाज जनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

खबर संक्षेप

जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी शैक्षणिक सामग्री



सोनकच्छ। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत पांचूबाई बिरमाजी जाट शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, सोनकच्छ में जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। अभियान तहत अन्य विद्यालयों के जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी सामग्री प्रदान कर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में प्राचार्या चंद्रकांता बैस, सज्जन सिंह मालवीय, ओमप्रकाश परमार, हिमेश सिसोदिया सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय स्टाफ के सहयोग से आयोजित इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान कर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना रहा।

नंदिनी और रिद्धिमा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



भौरासा। मां जिनवाणी कॉलेज ऑफ लीगल स्टडीज की दो छात्राओं ने राष्ट्रव्यापी हर मास एक उपवास महा अभियान अंतर्गत आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। अभियान के द्वितीय चरण के तहत भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिनी गोहिल ने पक्ष में और बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा रिद्धिमा कुमावत ने विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। सोशल मीडिया ज्ञान का साधन या समय की बर्बादी, विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में दोनों छात्राओं ने लगभग 80 प्रतिभागियों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों को अलग-अलग 11-11 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की गई।

शारदीय नवरात्रि आज से प्रारंभ, माता टेकरी पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

मां चामुंडा और तुलजा भवानी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे श्रद्धालु, प्रशासन ने की तैयारी

दुर्गा प्रतिमा स्थापना एवं पांडालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजन समितियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि रविवार, 11 अक्टूबर से घटस्थापना के साथ प्रारंभ होगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर शहर सहित जिलेभर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिरों में घटस्थापना के साथ विशेष पूजा-पाठ होंगे, वहीं सार्वजनिक पंडालों में भी मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं विराजित की जाएंगी। शहर में नवरात्रि के दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

नवरात्रि के अवसर पर प्रसिद्ध देवास की माता टेकरी पर मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। पर्व के दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त माता के दर्शन करने आते हैं। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था संबंधी तैयारियां की हैं। वहीं नगर निगम द्वारा माता टेकरी और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कराई गई है, ताकि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।

भक्ति और आराधना में डूबेगा शहर

नवरात्रि के नौ दिनों में शहर के मंदिरों और पंडालों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। श्रद्धालु उपवास रखकर मां भगवती की आराधना करेंगे। घरों और मंदिरों में घटस्थापना के साथ पर्व की शुरुआत होगी। बाजारों में भी नवरात्रि को लेकर उत्साह का माहौल है।

पंडालों को लेकर दिए सुरक्षा निर्देश

पुलिस प्रशासन ने जनचौपाल आयोजित कर माता पांडालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए है। पांडालों में विद्युत वायरिंग सुरक्षित रखने, अग्निशमन के पर्याप्त साधन रखने, प्रवेश एवं निकास मार्ग खुले रखने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने की समझाइश दी गई। आयोजकों को पांडाल के आसपास यातायात व्यवस्था बाधित न होने देने, ध्वनि संबंधी निर्धारित नियमों का पालन करने तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने



हेतु कहा गया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने तथा त्यौहार को शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

बिजली समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

सुधार नहीं होने पर करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

कांटाफोड़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोड शेडिंग के नाम पर घंटों विद्युत आपूर्ति बंद रखने, बार-बार ट्रिपिंग से ग्रामीणों और किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलने जैसी समस्याओं से ग्रामीण और किसान परेशान है। समस्या से निजात पाने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ के अध्यक्ष विष्णु मीणा के नेतृत्व में एमपीईबी कांटाफोड़ के कनिष्ठ यंत्री को विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष विष्णु मीणा ने कहा कि कांटाफोड़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था लगातार अव्यवस्थित बनी हुई है। लोड शेडिंग एवं मेंटेनेंस के नाम पर प्रतिदिन कई-कई घंटे बिजली बंद रखी जा रही है।

इसके अतिरिक्त दिन और रात में बार-बार अघोषित कटौती तथा ट्रिपिंग से किसान, व्यापारी, विद्यार्थी और आम नागरिक परेशान हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसानों को सिंचाई के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोहारदा नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अंकुश शारडा ने कहा कि बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि किसानों की खेती, छोटे व्यापारियों के रोजगार, विद्यार्थियों की पढ़ाई और आमजन के दैनिक जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। मीणा ने स्पष्ट किया कि ज्ञापन के माध्यम से विद्युत विभाग को सात दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में ठोस एवं संतोषजनक सुधार करने की मांग की गई है।

निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किसानों एवं आमजन के साथ मिलकर व्यापक जनहित आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन के दौरान निर्मल पुरोहित, हाजी रज्जाक खान, दिलीप पटेल, रामावतार परते, अभिषेक जोशी, अभिषेक भट्ट, देवेंद्र पटेल, दिलीप पटेल जिनवाणी राजेश कर्मा, बृजमोहन तिवारी, गुलाब सिंह सिसोडीया, अरुण पटेल, शाहरुख खान, जावेद खान, सुनील गोमलाडू, असलम खान, नर्मदा प्रसाद गुणावत, द्वारका गुणावत एवं संतोष जारवाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने नागदमन नाले में प्रदूषण को लेकर की उद्योगों की समीक्षा

देवास। कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नागदमन नाले में प्रदूषण को लेकर औद्योगिक प्रतिनिधियों एवं उद्योग संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिंह ने उद्योग संचालकों को अनुपालन के विस्तृत निर्देश जारी किए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि औद्योगिक परिसरों में स्थापित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP) का शत-प्रतिशत और सुचारू संचालन सुनिश्चित करना सीधे तौर पर उद्योग संचालकों का नैतिक व विधिक दायित्व है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।औद्योगिक अपशिष्ट और उत्सर्जन पर पारदर्शी व सतत निगरानी रखने के उद्देश्य से कलेक्टर ने सभी संबंधित उद्योगों को 1 सप्ताह के भीतर अपनी ETP इकाइयों में उपयोग होने वाली विद्युत खपत की सटीक निगरानी के लिए स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य होगा।

युवा कांग्रेस ने विद्युत विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोड मैनेजमेंट के नाम पर लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर युवा कांग्रेस ने विरोध जताते हुए विद्युत विभाग से तत्काल समाधान की मांग की। हाटपिपल्या विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। नवरात्रि का पावन पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। गांव-गांव में माता रानी के पंडाल, पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक आयोजन होंगे। ऐसे में बिजली कटौती से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों को कृषि कार्यों एवं सिंचाई के लिए दिन के समय पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें रात के अंधेरे में खेतों पर जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण जनता के साथ बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह गौड़, हिम्मतसिंह चावड़ा, अजय कुमावत, रामसिंह चौहान सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में मानसिक समस्या से ग्रस्त व्यक्तियों हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 51 मरीजों की जांच की गई एवं परामर्श दिया गया। डॉ. बेक ने बताया कि हमें अपने और अपने परिवार के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए उचित जीवन शैली को व्यवहार में लागू करना चाहिए। जिला चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र प्रजापति ने मानसिक रोगों के लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि तनाव, उदासी, घबराहट, चिंता, क्रोध, चिड़चिड़ापन, लोगों के साथ मिलने जुलने में कमी आदि मानसिक रोग के लक्षण हैं, ऐसी स्थिति में रोगी शराब, गुटका, बीड़ी, सिगरेट आदि का सहारा लेते हैं इससे स्थिति दिनों दिन बिगड़ती चली जाती है। ऐसे मानसिक रोगी जिला चिकित्सालय के मनकक्ष में आकर इलाज करा सकते हैं। टेली मानस कार्यक्रम 14416 व 18008914416 पर 24 घंटे 7 दिन पर कॉल कर मानसिक एवं भावनात्मक समस्या का समाधान ले सकते हैं।

आईआईएम इंदौर के छात्रों ने किया ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



आईआईएम इंदौर के 18 छात्रों ने ग्रामीण क्षेत्रों का अध्ययन करने के उद्देश्य से 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक ग्राम छतरपुरा एवं नयापुरा का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली आवश्यकताओं, रहन-सहन, ग्रामीण परिवेश, शासन की विभिन्न योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन आदि विषयों पर जानकारी प्राप्त की। जनपद पंचायत बागली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजू मेड़ा, राहुल धांदरे एवं दीपक पटेल के मार्गदर्शन में छात्रों को ग्राम पंचायत का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, सचिव सागर चौहान एवं दिनेश कंठाली द्वारा छात्र-छात्राओं को ग्राम पंचायत एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

आयुक्त ने एमजी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को शहर के प्रमुख मार्गों और निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एमजी रोड पर चल रहे सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्यों का जायजा लिया। जहां सीसी सड़क निर्माण और सड़क के रीस्टोरेशन का काम पूरा हो चुका है, वहां तत्काल सफाई कराने के निर्देश निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी को दिए, ताकि नागरिकों और व्यापारियों को आवागमन में परेशानी न हो।आयुक्त ने बीमा रोड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य को देखा। उन्होंने सड़क निर्माण के साथ विद्युत लाइनों और खंभों की शिफ्टिंग का कार्य भी व्यवस्थित रूप से कराने के निर्देश दिए।आयुक्त ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित निर्माण फर्म के इंजीनियर को काम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए श्रमिकों और कारीगरों की संख्या बढ़ाने को कहा। साथ ही सात दिनों में कॉलम, सेंटरिंग और कंक्रीटिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने भगवती द्वार सराय में चल रहे कार्यों की जानकारी ली और एमआर-13 पर हो रहे सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण में बाधा बन रहे मकानों को हटाने की कार्रवाई के साथ सीवरेज और पेयजल पाइपलाइन को व्यवस्थित तरीके से डालने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में सड़क खोदने की आवश्यकता न पड़े और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

बुजुर्गों का गयाजी में किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर मीठा तालाब-राजोदा रोड स्थित वृद्धाश्रम 'बसेरा' में सेवा, श्रद्धा और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा विशेष धार्मिक अनुष्ठान किया गया। आश्रम में मार्च 2001 से अब तक दिवंगत हुए 100 बुजुर्गों की आत्मशांति एवं मोक्ष की कामना से आश्रम संचालक दिनेश चौधरी ने शनिवार को हरिद्वार एवं गयाजी में अन्नदान, पिंडदान और तर्पण सहित धार्मिक कर्मकांड संपन्न कराए। वृद्धाश्रम में दिवंगत हुए सभी 100 बुजुर्गों के नाम से एक साथ गयाजी में पिंडदान किया गया। आश्रम के इतिहास में पहली बार दिवंगत बुजुर्गों की संख्या 100 होने पर सभी के निमित्त सामूहिक रूप से यह धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर किए गए इस पुण्य कार्य के माध्यम से दिवंगत आत्माओं की शांति और सद्गति की कामना की गई।

टोंकखुर्द में 7.50 किमी बायपास बनाने की मांग, दुर्घटनाओं का दिया हवाला

सांसद सोलंकी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोंकखुर्द



क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने टोंक खुर्द में बायपास सड़क निर्माण कराने की मांग को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने नगर की यातायात व्यवस्था, आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं और नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों का उल्लेख करते हुए 7.50 किलोमीटर लंबे बायपास निर्माण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करने की मांग की है।



MAHENDRA SINGH SOLANKY
MEMBER OF PARLIAMENT
DEWAS-SHAJAPUR LOKSABHA
Member of Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice
Member of Consultative Committee on Corporate Affairs

Ref. No.: MP/2026/1391/SC Dated: 08/10/2026

प्रति,

माननीय मंत्री महोदय,
केन्द्रीय मंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,
भारत सरकार, नई दिल्ली।

विषय :- नगर टोंकखुर्द, जिला देवास (म.प्र.) में 7.50 किलोमीटर लंबाई के बायपास रोड हेतु आवश्यक राशि स्वीकृत किए जाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि सोलंकपुरा शिवाजीगंज से नगर टोंकखुर्द में यातायात रोड का निर्माण नहीं होने के कारण वर्तमान में रेसीडेन्शियल क्षेत्रफल के भारी एवं हल्के वाहनों का आवागमन नगर के मुख्य मार्गों से ही होता है। इससे परिणामस्वरूप नगर में यातायात का दबाव निरंतर बना रहता है तथा आम नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। टोंकखुर्द नगर के लिए प्रस्तावित 7.50 किलोमीटर लंबाई के बायपास रोड का निर्माण होने से भारी एवं अन्य वाहनों को नगर के मुख्य मार्गों से बाहर वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जायेगा इससे नगर के अंदर यातायात का दबाव कम होने के साथ-साथ नागरिकों की आवागमन संबंधी समस्याओं का निराकरण होना तथा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि जनहित एवं टोंकखुर्द नगर की यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उक्त 7.50 किलोमीटर बायपास रोड के निर्माण कार्य हेतु आवश्यक राशि स्वीकृत करने तथा कार्य को शीघ्र स्वीकृत किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।

भवदीय
महेन्द्र सिंह सोलंकी
देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र

मुख्य मार्गों से गुजरते हैं भारी वाहन

सांसद सोलंकी ने पत्र में बताया कि टोंक खुर्द में बायपास सड़क नहीं होने के कारण भारी और हल्के वाहनों का आवागमन नगर के मुख्य मार्गों से होता है। इससे नगर में लगातार यातायात का दबाव बना रहता है। आम नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 7.50 किलोमीटर लंबे बायपास का निर्माण होने से भारी वाहनों को नगर के मुख्य मार्गों से बाहर वैकल्पिक रास्ता मिल सकेगा। इससे नगर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा और सड़क सुरक्षा व्यवस्था में सुधार आएगा।

लोगों की मौत होने का किया उल्लेख

सांसद ने पत्र में बताया कि नगर में भारी वाहनों की लगातार और तेज गति से आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। उनके अनुसार, अब तक इन दुर्घटनाओं में कम से कम 5 से 10 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों और आसपास के शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा को देखते हुए बायपास का निर्माण जरूरी है। सांसद सोलंकी ने केंद्रीय मंत्री से जनहित में बायपास निर्माण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करने और संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र स्वीकृत कराने के निर्देश देने का अनुरोध किया है।

ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित हुई यात्री बस पलटी, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-बैतूल हाईवे पर ग्राम पोलाय के पास देर रात करीब डेढ़ बजे शिवानी ट्रेवल्स की यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी अनुसार, बस इंदौर से बकतरा की ओर जा रही थी। ग्राम पोलाय के पास ओवरटेक करने के दौरान चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के हालचाल भी जाने।हादसे के बाद इंदौर-बैतूल हाईवे की खराब स्थिति को लेकर भी सवाल उठे। स्थानीय लोगों के अनुसार, मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने संबंधित जिम्मेदारों से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

मुख्यमंत्री आज किसानों से करेंगे संवाद

देवास। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देवास में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' एवं जिला स्तरीय किसान मेले में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कृषकों को वर्चुअली संबोधित करेंगे।आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा श्रीअन्न (मिलेट मिशन) को प्रोत्साहित करना है। मेले के माध्यम से उन्नतशील कृषकों और कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संवाद स्थापित कर आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों की व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि लागत कम कर उत्पादकता बढ़ाई जा सके और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित हो सके। किसान मेले में विषय-विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा रबी सीजन के दृष्टिगत कम जल उपलब्धता में भी बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों की उन्नत और प्रमाणित किस्मों के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

व्यापारियों ने धरना देकर केंद्र से शुल्क व्यवस्था वापस लेने की मांग

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के विरोध में प्रदर्शन, 15 को काला दिवस मनाने का ऐलान

प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर सहित सैकड़ों व्यापारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट शुल्क लगाए जाने के विरोध में शनिवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर व्यापारियों ने आंदोलन के दूसरे चरण में जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। सिविल लाइन स्थित एक होटल से एकत्रित होकर सैकड़ों व्यापारियों ने जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया और एमडीआर शुल्क व्यवस्था वापस लेने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर विचार नहीं होने की स्थिति में 15 अक्टूबर को देशभर में काला दिवस मनाया जाएगा। व्यापार मंडल की ओर से प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। इसमें यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित अथवा लागू एमडीआर व्यवस्था की समीक्षा कर इसे वापस लेने की मांग की गई।

ज्ञापन की प्रतिलिपि वित्त मंत्रालय सचिव, भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को भी भेजने के लिए दी गई। व्यापारियों का कहना है कि यूपीआई ने देश में डिजिटल भुगतान को आसान और पारदर्शी बनाया है। व्यापारियों ने भी डिजिटल भुगतान व्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में यूपीआई भुगतान पर एमडीआर शुल्क लगाने से छोटे और मध्यम व्यापारियों की लागत बढऩे तथा मुनाफा घटने की आशंका है। किराना, कपड़ा, हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्यान्न, कृषि सामग्री, थोक एवं खुदरा कारोबार जैसे क्षेत्रों में पहले से ही कम लाभ पर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों पर इसका अधिक असर पड़ सकता है। ज्ञापन में कहा गया कि 2,000 रुपये से अधिक के पात्र मर्चेंट लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क की व्यवस्था की समीक्षा की जानी चाहिए। व्यापारियों ने छोटे कारोबारियों को मिलने वाली शून्य एमडीआर की सीमा को एक लाख रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर कम से कम पांच लाख रुपये करने अथवा छूट को वार्षिक कारोबार के आधार पर निर्धारित करने का सुझाव दिया। व्यापार मंडल ने एमडीआर शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने से व्यापारियों की लागत बढऩे का मुद्दा भी उठाया। जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ तभी मिल सकेगा, जब संबंधित शुल्क का उचित विवरण और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होंगे। वहीं, अपंजीकृत छोटे व्यापारियों के लिए यह अतिरिक्त लागत उनकी आजीविका पर असर डाल सकती है। व्यापारियों ने बैंक और भुगतान प्लेटफॉर्म से संबंधित शुल्कों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। व्यापार मंडल ने सामान्य मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर शुल्क वापस लेने, छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए शून्य एमडीआर नीति को प्राथमिकता देने, कम मुनाफे वाले कारोबार के लिए रियायती दरें निर्धारित करने तथा डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारियों को प्रोत्साहन देने की मांग की। इसके अलावा एमडीआर की वार्षिक समीक्षा, व्यापारी संगठनों से परामर्श और आरबीआई, एनपीसीआई, बैंकों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की स्थायी सलाहकार व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया गया। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि वह डिजिटल भुगतान या यूपीआई व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, बल्कि चाहते हैं कि डिजिटल भुगतान प्रणाली व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए कम लागत वाली तथा व्यावहारिक बनी रहे। उनका कहना है कि भुगतान स्वीकार करने की लागत बढऩे से छोटे कारोबारी नकद लेनदेन को प्राथमिकता देने लग सकते हैं।

धरना-प्रदर्शन में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, पंकज जैन, अशोक अनौरा, मुन्नालाल जैन एड., अभय जैन एड., संजय खन्ना, संजीव कप्तान, मुकेश जैन, मनोज सोनी, राहुल मोदी, अंकित सतभैया, नितेश जैन रानू, राजवीर सिंह, पार्षद आलोक मयूर, अशोक पंथ, प्रदीप चौधरी, प्रमोद सराफ, नितेश राठौर, जगदीश जैन, डा.प्रीतम सराफ, विजय जैन, ऋषभ जैन, अरविंद जैन, शोभित समैया, रिक्की, शुभम जैन, अविरल जैन, शुभंकर सुडेले, राजू, विशाल जैन, दीपक चौधरी, अंकित, सूरज जैन, अजमेरी खान, निलेश जैन, अनिमेष जैन, जयनारायण शर्मा, नितिन जैन, स्वप्निल नायक, प्रदीप जैन, सनत जैन, लक्ष्मीनारायण साहू, विजय, उदयभान सिंह यादव, मोहम्मद नईम, शैलेंद्र जैन, इंजी.विनय जैन, द्वारका प्रसाद, पंचम जैन, गजेंद्र जैन, भोजराज, वीरेंद्र जैन, अनूप जैन, विनोद जैन, संजय जैन, रोहित जैन, शुभम जैन, राजीव सुडेले, गौरव सोनी, राकेश कुशवाहा, राजीव जैन, सुनील, रामप्रकाश साहू, सुनील, सुशांत जैन, सुरेंद्र जैन, अभिषेक जैन, राजेश जैन, गजेंद्रसिंह, सर्वज्ञ जैन, सत्यनारायण, हरगोविंद, विजय, अनिल, जगभान सिंह आदि शामिल हुए।

स्कूलों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचीं टीमें

महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



साइबर अपराध से बचाव और हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और साइबर सुरक्षा को लेकर ललितपुर पुलिस ने शनिवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपदव्यापी जागरूकता अभियान चलाया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों, एंटी रोमियो टीमों और महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, बस स्टैंडों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाव, यौन उत्पीडऩ, छेड़छाड़, पीछा करने, दहेज उत्पीडऩ, बाल विवाह और बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। साथ ही महिला संबंधी अपराधों की शिकायत करने, कानूनी सहायता प्राप्त करने और महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी या अन्य संवेदनशील विवरण साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और फर्जी कॉल के जरिए मांगी जाने वाली वित्तीय जानकारी देने से बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों ने विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण किया।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर मनचलों और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी गई। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, पीछा करने या उत्पीडऩ की घटना होने पर बिना झिझक पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इनमें 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन पुलिस सहायता, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 1930 राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। ललितपुर पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और किसी भी अपराध या उत्पीडऩ की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

भाजपा ने स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर उच्च नेतृत्व के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के अधिंकाश जिलों में चल रहे स्नातक/ शिक्षक विधानपरिषद निर्वाचन को लेकर आज ललितपुर जिला कार्यालय पर भी स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।

वैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा हमारे प्रदेश नेतृत्व द्वारा इन चुनावों को लेकर हमारे कार्यकर्ताओं को लगन से जुटने के लिए कुछ निर्देश दिए गए हैं इन्हीं को लेकर आज इस बैठक में चर्चा की जा रही है तथा स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर उच्च नेतृत्व के निर्देश पर आगामी रुपरेखा वनाई जा रही है । उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को यह समझ कर चुनाव कार्य करना है जैसे वह स्वयं चुनाव लड़ रहा हो।मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा नाम वापसी के बाद अब सारे प्रत्याशियों की तश्वीर सामने आ गयी है ।

इस चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता को उसके दायित्व से अवगत भी करा दिया गया है और टीम भावना से काम करते हुए हम लोग निश्चित रूप से अधिक से अधिक मतदाता को मतदान केंद्र तक ले जाने में सफल होंगे तथा चुनाव में हमारी एक तरफा जीत होगी बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया।अन्त में गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी ने ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड,जिला सह संयोजक बब्बू राजा बुंदेला, जिला महामंत्री गौरव गोतम,रजनी अहिरवार, गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी,ई हाकिम सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सन्तोष कुशवाहा, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, दीपक पाराशर, भीष्म प्रताप सिंह बुंदेला प्रदीप खटीक, कल्लन कुशवाहा डा बालकिशन राजपूत,जगभान सिंह राजपूत एड डा जगवीर सिंह ,त्रिपति रावत, पंकज जैन,रवि साहू ,गजेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

मनाया गया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस, बहुजन समाज को जागरूक व संगठित करने का लिया संकल्प

भीम आर्मी, भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज के जननायक मान्यवर कांशीरामजी का परिनिर्वाण दिवस बार मेला ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से भीम आर्मी, भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस दौरान वक्ताओं ने मान्यवर कांशीराम के जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और बहुजन समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना संपूर्ण जीवन बहुजन समाज को जागरूक करने, उसे संगठित करने और राजनीति में उसकी भागीदारी बढ़ाने के लिए समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक समानता, अधिकारों और राजनीतिक चेतना के प्रसार के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को शिक्षा, संगठन और अधिकारों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर उनके जीवन संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन के प्रयासों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया, ताकि नई पीढ़ी भी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। अध्यक्षता भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दीपक गौतम ने की, जबकि संचालन राहुल गौतम, मंडल सह-संयोजक ने किया। इस दौरान रमाकांत चौधरी, बलराम अंबेडकर, देवीसिंह गौतम, मोतीलाल गौतम, कुंवरलाल गौतम, इंद्रपाल सूर्यवंशी, खलक कंचन, सीताराम चौधरी, बलराम चौधरी और जीवन सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया पत्र

विजय सिंह बने समाजवादी मजदूर सभा जिलाध्यक्ष



ललितपुर। समाजवादी मजदूर सभा में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ग्राम एवं पोस्ट पारोल निवासी विजय सिंह पुत्र कामता प्रसाद खंगार को समाजवादी मजदूर सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी मजदूर सभा प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने मनोनयन पत्र जारी किया है। इसके तहत विजय सिंह को ललितपुर में संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनयन के बाद उनसे संगठन को मजबूत करने, मजदूरों एवं श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की गई है। संगठन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में जिले में समाजवादी मजदूर सभा की गतिविधियों को गति मिलेगी और श्रमिकों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। विजय सिंह के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की कामना की।

शनि अमावस्या पर सिद्धपीठ शनिधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

विशेष पूजा-अर्चना, मंगल अर्जियां और तेलाभिषेक के बाद की महाआरती, भजन संध्या व प्रसादी भंडारे में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्राद्ध पक्ष की सर्वपितृ अमावस्या एवं शनि अमावस्या के पावन पर्व पर शनिवार को सुम्मेरा तालाब स्थित बीच के बंध पर श्रीश्री 1008 सिद्धपीठ शनिधाम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

महापर्व पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने बाबा शनिदेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की। शनि अमावस्या के अवसर पर सिद्धपीठ शनिधाम में बाबा शनिदेव के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना, मंगल अर्जियां, तेलाभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके उपरांत विधि-विधान से महाआरती की गई। मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं भजन संध्या में बाबा शनिदेव की महिमा का गुणगान किया गया। इसके साथ ही प्रसादी भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महापर्व के चलते मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा शनिदेव के समक्ष शीश नवाकर परिवार में सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने



सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर मंजीत सिंह परमार, अखिलेश शर्मा मोन्टू, गिरीश साहू, जे.पी. कुशवाहा, अशोक कुमार रामनगर, अर्जुन रायकवार, रामप्रसाद कुशवाहा, भगवानदास, निर्मल कुमार, शिवम रैकवार, योगेश कुशवाहा, कौशल किशोर नगाईच, संतोष ठेकेदार, गोलू कुशवाहा, नवल, शिशुपाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खेत पर खड़ी समोटरसाइकिल चोरी चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र में खेत पर खड़ी एक मोटर साइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम गनगौरा मजरा रावगढ़ निवासी अयोध्या प्रसाद राजपूत पुत्र स्व. हीरालाल 30 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे अपनी मोटर साइकिल नंबर य से महेशपुरा -गंगारी मार्ग स्थित अपने खेत पर गए थे। उन्होंने मोटर साइकिल खेत के पास खड़ी कर दी और कृषि कार्य में जुट गए। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस लौटे, तो मौके से मोटर साइकिल गायब मिली। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने थाना कोतवाली में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरी गई मोटरसाइकिल की तलाश की जा रही है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

ललितपुर सेवा ग्रुप की सदस्य ने ओ पॉजिटिव रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

अध्यापिका सपना ने पहली बार किया रक्तदान, अब करेंगी जरूरतमंदों की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दूसरों को शिक्षा देने वाली अध्यापिका सपना कौर ने स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज को मानवता, सेवा और परोपकार का प्रेरणादायक संदेश दिया। ललितपुर सेवा ग्रुप रजि. की सदस्य सपना कौर ने मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर पहली बार रक्तदान किया।



उन्होंने ओ पॉजिटिव (ओ+) रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए सराहनीय पहल की। पहली बार रक्तदान करने के बाद सपना कौर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि रक्तदान करके उन्हें बेहद अच्छा महसूस हुआ। उन्हें न तो थकान हुई और न ही चक्कर जैसी कोई परेशानी महसूस हुई। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर मन में जो आशंकाएं थीं, वे पहली बार रक्तदान करने के बाद दूर हो गईं। अब उन्होंने जरूरतमंदों की मदद के लिए नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया है। ललितपुर सेवा ग्रुप अध्यक्ष अंकुर सानू बाबा ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद मरीज को जीवन बचाने में सहयोग देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समय पर रक्त उपलब्ध होने से किसी मरीज की जान बच सकती है और उसके परिवार की खुशियां बरकरार रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण कीमती होता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि रक्त की कमी के कारण किसी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े। अंकुर सानू बाबा ने सपना कौर के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि मानव सेवा के कार्यों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उनका यह प्रयास अन्य लोगों को भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान संरक्षक इंजी.सतीश जैन, सदस्य विजय पाल सिंह, अंकित सराफ, हरिओम पटैरिया और आशीष उपाध्याय सहित ब्लड बैंक का स्टाफ उपस्थित रहा।

जनविश्वास अभियान के तहत हुए आयोजन में एसीएस दीपाली भी हुई शामिल

पंचायत क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर सरपंच का सम्मान किया

उद्यम संवाद में हितग्राहियों ने सांझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजगढ़ ब्लॉक के चाटूखेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी विशेष रूप से शामिल हुईं। इस दौरान एसपी अमित तोलानी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अपराधों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

वहीं ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करवाने वाली पंचायत के सरपंचों को सम्मानित किया गया। करनवास के सरपंच मुकेश, रसूलपुरा के सरपंच ओमप्रकाश नगर, देहरीकराड़ की सरपंच ममता बाई तथा भिलवाड़िया के सरपंच पंच को सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। शिविर में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी श्री तोलानी, जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा



की तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों एवं आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

समस्याओं का त्वरित निराकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य

विधायक मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद से शासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता मिलती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को शिविर में प्रस्तुत करें, जिससे उनका नियमानुसार निराकरण किया जा सके।

आवेदनों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करें अधिकारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित आवेदकों से सीधे चर्चा कर समस्या के निराकरण की कार्रवाई की जाए। शिविर में आयोजित उद्यम संवाद के दौरान बताया गया कि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से 46 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है।

समूह को मिली 06 लाख की सहायता

शिविर के दौरान स्वामी विवेकानंद स्व-सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से छह लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। इस वित्तीय सहायता से समूह की महिलाओं को आजीविका संबंधी गतिविधियों का विस्तार करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

एसई दफ्तर के सामने धरने देकर बैठे कांग्रेसजन

किसानों को भूत समझा, रात में लाइट काट रहे



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। एसई साहब किसानों को आपने क्या भूत समझ रखा है जो रात में बिजली कटौती की जा रही है। खेतों में दिन भर काम करके जब किसान थका-हारा घर पहुंच रहा तो खाना तक नहीं खा पा रहा रहा। रात में बिजली काटने से महिलाएं खाना तक नहीं बना पा रही हैं। उक्त बात शुक्रवार दोपहर अधीक्षण यंत्री कार्यालय के सामने हुए धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने एसई से कही। इंकाजनों ने विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर चेतावनी दी है कि यदि 3 दिवस में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जिला स्तरीय धरना आयोजित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों का जनजीवन हो रहा है प्रभावित

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती होने से आमजन को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग से समस्या का शीघ्र निराकरण कर नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोंनी, इंका पदाधिकारी प्रेम सिंह परिहार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से किसानों एवं आम नागरिकों को हो रही परेशानियों से अधिकारियों को अवगत कराया गया। चर्चा के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगामी तीन दिवस के भीतर विद्युत आपूर्ति में सुधार किया जाएगा।

एसीएस दीपाली रस्तोगी ने परखी बच्चों की शैक्षणिक दक्षता



राजगढ़। ग्रामीण विकास की अपर मुख्य सचिव(एसीएस) श्रीमती दीपाली रस्तोगी शुक्रवार को जिले के भ्रमण पर थी। इस दौरान वे ग्राम पंचायत कुंडीबे के स्कूल पहुंची और बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी शैक्षणिक दक्षता का आंकलन किया। उन्होंने पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान रस्तोगी ने आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति, मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों एवं उनकी वित्तीय स्थिति, करारोपण तथा पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल एवं हर घर नल की स्थिति के संबंध में ग्रामवासियों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने कृष्ण गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित आटा मिल की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों से चर्चा कर उनके कार्यों, आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शिक्षा, पेयजल, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण विकास से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेना रहा।

वर्मा नए तहसीलदार, शर्मा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का दायित्व

सारंगपुर। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सारंगपुर तहसील सहित कई तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की गई है। इस आदेश के लागू होते ही सारंगपुर तहसील की प्रशासनिक कमान में भी बडा बदलाव देखने को मिला है। कपिल शर्मा की जगह पर अब सुनील वर्मा को तहसीलदार के रूप में अब सारंगपुर तहसील की कमान सौंपी गई है। श्री वर्मा इससे पहले जीरापुर के तहसीलदार एवं उपतहसील माचलपुर का प्रभार संभाल रहे थे। नवीन पदस्थापना के तहत वे अब सारंगपुर के मुख्य तहसीलदार होने के साथ-साथ उपतहसील पाडल्या का प्रभार भी देखेंगे। वहीं, अब तक सारंगपुर तहसीलदार एवं उपतहसील पाडल्या का दायित्व संभाल रहे कपिल शर्मा के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। जारी आदेश के तहत उन्हें अब कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सारंगपुर(नायब तहसीलदार) एवं प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सारंगपुर का नया दायित्व सौंपा गया है।



लसुलिया रामनाथ में एक करोड़ से बनेगा गीता भवनः विधायक शर्मा



कुरावर। नगर परिषद परिसर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे नगर परिषद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने लसुलिया रामनाथ में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन के निर्माण की बात कही। उन्होंने कहा कि गीता भवन के लिए शासकीय भूमि आवंटित कर निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।बैठक में विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बालाप्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष वंदना तारू राजपूत और मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान की उपस्थिति में नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बाना, लखन चैहान, राजकुमार चैकसे, मोहन वर्मा, बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, सचिन गिरी, राजेश मीणा, रमेश मालवीय, अनिल दरबार, राजेश पटेल एवं कमल दल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दशहरा पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा, कार्यकारिणी का गठन किया

भानपुरा /मंदसौर। श्री सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश गौड़ द्वारा श्री इंदरगढ़ मारुति आश्रम एवं करवा खेड़ी ताल आश्रम के प्रमुख व श्री सनातन धर्म मंडल संरक्षक महन्त योगी प्रकाश नाथ जी महाराज एवं अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान के आदेशानुसार आगामी दशहरा पर्व भव्य एवं परंपरागत रूप से मनाए जाने हेतु मार्गदर्शक मंडल में पूर्व दशहरा उत्सव एवं श्री सनातन धर्म मंडल के अध्यक्ष, दशहरा उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष गण, नगर के गणमान्य जन सहित सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष पद पर विकास माली, उपाध्यक्ष शरद बंबोरिया एवं दिव्यांशु भाना ,सचिव अमरलाल गायरी ,सह सचिव जयेश राठौर, कोषाध्यक्ष महावीर काला, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र राठौर सहित संगठन मंत्री, व्यवस्था प्रमुख, प्रचार मंत्री, झांकी प्रभारी, मीडिया प्रभारी, अखाड़ा प्रमुख एवं विशेष सहयोगी तथा कार्यकारिणी सदस्यों की लंबी लिस्ट जारी की है। श्री सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश गौड़ ने बताया कि आगामी 20 अक्टूबर को मनाये जाने वाले भव्य दशहरा पर्व की विभिन्न एवं ऐतिहासिक तैयारी की जा रही है।

टेटवाल ने दिए समयबद्ध निराकरण के निर्देश

लोक कल्याण शिविर में 12 गांवों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

ग्राम पंचायत धामंदा में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत लोक कल्याण शिविर आयोजित किया गया। इसमें मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता कर 12 गांवों से आए नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें और आवेदन सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का प्राथमिकता से समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, खाद्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल है।

सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अवसर पर मंत्री डॉ. टेटवाल ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। शिविर में जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल,मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी, दिनेश नागर, सुरेश नागर, सरपंच वीरेंद्र सिंह चैहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में किया आयोजन

व्यसन मुक्ति पर दो नाटकों का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में आज दो नाटकों का मंचन किया गया, जिनके माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान को दर्शाते हुए व्यसनमुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे से दूर रहने तथा समाज में व्यसन मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। नाटकों में रिया, समृद्धि, मिस्बाह, कृष, पूर्वी, राहुल, कुलदीप, गौरी जोशी, नंदिनी पुष्पद , दृष्टि, आरुषि, राहुल, अनन्या एवं प्रियांशी सहित विद्यार्थियों ने सहभागिता



की। विद्यालय के प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया नेवी इस अवसर पर व्यसन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत नाटक मंचन के साथ पोस्टर निर्माण, रैली सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में व्यसन मुक्ति का संदेश पहुँचाना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

बिजली कटौती से हाहाकार, ब्लॉक कांग्रेस का ऐलानः घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के राज में किसान अंधेरे में जीने को मजबूर है।



कयामपुर क्षेत्र में पिछले 4-5 दिनों से विद्युत मंडल द्वारा की जा रही अघोषित कटौती ने आम जनता की नाक में दम कर दिया है। जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फौजी जगदीश धनगर ने सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा - दिन भर हमारा किसान भाई-बहन खेत में खरीफ की फसल के लिए पसीना बहाता है, और शाम को घर आता है तो घर में अंधेरा मिलता है। शाम 7 से 12 बजे तक और फिर पूरी रात बार-बार लाइट गुल। ये लोड शेडिंग नहीं, किसान के साथ धोखा है। चोरी की घटनायें बढेंगी रात्रिकालीन बिजली कटोत्री से तथा अंधेरे के कारण गांव में जहरीले सांप-बिच्छू और कंजरों का खतरा बढ़ गया है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग असुरक्षित हैं। बच्चों की पढ़ाई ठप है। सरकार खुद को किसान हितैषी कहती है, पर हकीकत में किसान को सांपों के बीच रात गुजारने पर मजबूर कर रही है। बडे -बडे बिजली बिल आ रहे हैं जिससे उपभोक्ता परेशान हैं । बिजली समस्या आमजन की समस्या है ।

कांग्रेस का हल्ला बोल

इसी तानाशाही के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कयामपुर के नेतृत्व में 11 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे कयामपुर ग्रिड का घेराव किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य फौजी जगदीश धनगर ने क्षेत्र के सभी किसानों, माताओं-बहनों और युवा साथियों से अपील की है कि अपने हक की लड़ाई के लिए अधिक से अधिक संख्या में कयामपुर ग्रिड पर पहुंचें और इस आंदोलन को सफल बनाये।

70वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन, ग्वालियर संभाग बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



जिला शिक्षा कार्यालय, मंदसौर द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय हॉकी 14 वर्ष बालक प्रतियोगिता का समापन समारोह हॉकी टर्फ मैदान, एमआईटी बायपास, मंदसौर पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल में ग्वालियर संभाग ने उज्जैन संभाग को 3-1 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। उपविजेता उज्जैन संभाग व तृतीय स्थान (हाई लाइन मैच विनर) पर सागर संभाग रहा।

समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंदसौर विधायक विपिन जैन, मंदसौर हॉकी फेडरेशन क्लब अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट, लोक शिक्षण भोपाल के ऑब्जर्वर देवेंद्र बाथम, जिला क्रीड़ा अधिकारी घीसालाल जोगचंद, संयोजक एवं प्राचार्य के.सी. सोलंकी आदि मंचासीन रहे। मंच से अतिथियों द्वारा विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों के खिलाड़ियों, कोच एवं मैनेजरों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र, शील्ड, पदक देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभी संभागों के प्रतिभागियों को शील्ड एवं पदक प्रदान किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) लखनऊ द्वारा हॉकी अंडर-14 बालक की नेशनल प्रतियोगिता की मेजबानी की जिम्मेदारी भी भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है। यह आयोजन 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक होगा, जिसमें भारत के सभी राज्यों की टीमें मंदसौर में अपना प्रदर्शन करेंगी। विधायक विपिन जैन ने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन आने वाली नेशनल शालेय प्रतियोगिता के पूर्व तैयारी का सुनहरा अवसर है, यदि कोई कमी है तो उसे पहले ही पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री से मिला अध्यापक संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल, हुई चर्चा

'प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने की घोषणा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर अध्यापकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने की मांग को लेकर चर्चा की। इसके बाद भोपाल के नीलम पार्क स्थित धरना स्थल पर कर्मचारी कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रतिनिधि रमेश चंद्र शर्मा पहुंचे और उज्जैन संभाग के अध्यापक-शिक्षकों की उपस्थिति में इस संबंध में महत्वपूर्ण घोषणा की। रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन से हैं और उज्जैन संभाग के शिक्षक साथियों की उपस्थिति में कर्मचारी हित में इस निर्णय की जानकारी देते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। सरकार कर्मचारियों के हित में एक बड़ा निर्णय लेने जा रही है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष गजराजसिंह सिसोदिया ने जानकारी देते हुए ने बताया कि भोपाल



में अपनी मांगों को लेकर चल रहे 27 सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं 1 अक्टूबर से क्रमिक भूख हड़ताल के 13वें दिन उज्जैन संभाग के अध्यापक-शिक्षकों के लिए यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है।

इस अवसर पर संयोजक जगदीश यादव, परमानंद डहेरिया , राकेश नायक सहित मन्दसौर जिले से गजराज सिंह सिसोदिया अनिल सांखला हेमंत सुथार कीर्तिपाल सिंह सिसोदिया गोपाल सिंह आंजना ,गोविंद राम गहलोत , ईश्वर लाल फरक्या उज्जैन से हनीफ कुरेशी , सुषमा खिमेसरा रतलाम से डॉ मुनींद्र दुबे , वीणा शर्मा , सहित प्रदेशभर के अनेक पदाधिकारी व उज्जैन संभाग के सभी जिलों से अध्यापक शिक्षक साथी उपस्थित रहे। धरने का संचालन अनिल साँखला ने किया, । अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक जगदीश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का कोई भी शिक्षक साथी टीईटी परीक्षा का फॉर्म नहीं भरेगा।

भोपाल में आयोजित धरना-प्रदर्शन में उज्जैन संभाग के क्रम में मन्दसौर जिले से राजेश गुप्ता राकेश वर्मा, प्रह्लाद खटोड़, मिश्रीलाल बारेठ, जितेंद्र ठाकुर, लक्ष्मणसिंह बोराणा, गेंदालाल शर्मा, विजयसिंह परिहार, कैलाश गुप्ता, राजाराम डांगी, जगदीश बंबोरिया, किशोर पाटीदार, किशनलाल नाएमा, परमेश्वर राठौर, बद्रीलाल धाकड़, समरथ परमार, पन्नालाल प्रजापत, भगतराम पँवार, मनोहरसिंह परिहार, छविराज राजसिंह शक्तावत, विनोद चौहान, प्रभुलाल पाटीदार, श्यामसुन्दर पाटीदार, कारूलाल निमवाल, बद्रीलाल किटकर, जितेन्द्रसिंह राठौड़, दिलीप उपाध्याय, विनोद शर्मा, मनोहर सिंह चंदेल, विजय तिवारी, जगदीश वेध, भेलाल यादव , प्रदीप जाटव, महेश भावसार, महेश पोरवाल, भंवरलाल मिमरोट, दयालसिंह चौहान, कोमल परिहार, सहित सेकड़ो साथी सम्मिलित हुए। अध्यापक शिक्षक सँयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश ने स्पष्ट किया कि यदि 20 दिसंबर तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो आगे पुनः आंदोलन किया जाएगा।

नगर परिषद भानपुरा का साधारण सम्मेलन का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर



नगर परिषद भानपुरा का साधारण सम्मेलन का आयोजन शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित नगर परिषद कार्यालय के सभा कक्ष में शनिवार 10 अक्टूबर को नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया की अध्यक्षता में एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद शर्मा की उपस्थिति में साधरण सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजित साधारण सम्मेलन में नामांकन प्रकरणों सहित चार विषय परिषद के सम्मुख रखे गए। जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृत किये गये। रखे गए चार विषयों में कार्यालय भवन निर्माण की ठेकेदार द्वारा जमा की गई एफडीआर रिलीज करने को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं इसमें वरिष्ठ कार्यालय का मार्गदर्शन मांगा गया। दशहरा पर्व 2026 मनाए जाने के संबंध में सनातन धर्म मंडल भानपुरा के प्राप्त आवेदन पर प्रतिवर्षानुसार दशहरा पर्व मनाए जाने अनुसार सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वार्ड क्रमांक दो में गायत्री माता मंदिर से मनोज वाधवा की दुकान एवं आसपास की गलियों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण एवं नामांतरण के 24 प्रकरणों में से दो प्रकरणों को छोड़कर 22 को सर्वसम्मति से पारित किये गया। आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष रेहना डॉक्टर जाकिर शेख, नेता प्रतिपक्ष श्रीनाथ उपाध्याय, पार्षद गण सुभाष बागड़ी, श्रीनाथ उपाध्याय, शीतल भूटानी, मकसूद अंसारी, रोडूलाल चारण, रेखा पाटीदार, योगिता ठोरा, रिजवाना बी मंसूरी, कविता कसेरा, कृष्णा गुर्जर, सुरभि पनिहार एवं एल्डरमैन मनोज वधवा, मोहनलाल प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक मांदलीया, विधायक प्रतिनिधि प्रवेश पनिहार एवं नगर परिषद कर्मचारी गण उपस्थित थे।